# महिला इंडियन ओपन जीतने के करीब वाणी

जासं, नई दिल्ली : गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में चल रहे महिला इंडियन ओपन में 54 होल के बाद सबसे आगे चल रहीं वाणी कपूर, रविवार को लेडीज यूरोपियन टूर पर अपने सालों के धैर्य का फल पाने से कुछ ही कदम दूर हैं। खिताब जीतते ही वाणी साल 2016 में अदिति अशोक द्वारा किए गए कारनामे को दोहरा देंगी। पांच अंडर 211 (73, 69, 69) के स्कोर के साथ वाणी की बढ़त बहुत बड़ी नहीं है। मौजूदा चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन (चार अंडर 212; 68, 77, 67) और थाइलैंड की तीन बार की इंडिया ओपन विजेता पोर्ननोंग फाटलम (72, 71, 69) उनके ठीक पीछे मौजूद हैं। शनिवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए काफी अच्छा रहा। बीमारी और थकान से जूझ रहीं प्रणवी उर्स संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहीं।